प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आज स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

****

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर हवाई दिशा निर्धारण प्रणाली का सफल निरीक्षण किया है। प्राधिकरण के अनुसार, यह तकनीक खराब मौसम और कम दृश्यता के दौरान विमानों की सुरक्षित लैंडिंग के लिए अनिवार्य है। इस पहल से विमानन सुरक्षा एवं दिशा–निर्देशन मानकों को और मजबूती मिलेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीतिगत रूपरेखा और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्पष्ट प्रयासों से प्रेरित है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक द्वारा लिखित एक लेख साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लेख देश के ऊर्जा क्षेत्र की परिवर्तनकारी यात्रा को रेखांकित करता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत विद्युतीकरण, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है।

****

जमशेदपुर में स्थानीय कारीगरों और महिला समूहों को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। साकची स्ट्रेट माइल रोड में बने नए पलाश मार्ट का उद्घाटन किया गया। जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने फीता काटकर मार्ट का उद्घाटन किया। यह मार्ट खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित वाद्य यंत्रों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए घरेलू उपयोग के सामानों की बिक्री के लिए तैयार किया गया है।

****

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव की मतगणना आज सुबह से जारी है। मतगणना को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतगणना स्थल पर अधिवक्ता सुबह दस बजे से ही पहुंचने लगे थे। कई प्रत्याशी भी मौके पर मौजूद रहकर मतगणना प्रक्रिया का जायजा ले रहे हैं। परिणामों को लेकर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। इस दौरान प्रत्याशियों ने कहा कि जो लोग काम करेंगे, उन्हें ही अधिवक्ताओं का समर्थन और वोट मिलेगा।

****

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय, रांची में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरे जिले में लोगों को दांत और मुंह की सेहत के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। रैली में चिकित्सक, गैर संचारी रोग टीम और एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं शामिल हुईं। रैली के दौरान लोगों को दांतों की नियमित सफाई, संतुलित आहार और समय–समय पर दंत जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।

****

धनबाद जिले में आगामी ईद, रामनवमी, दुर्गा पूजा एवं छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्रैफिक नियंत्रण, साफ–सफाई, बिजली और पानी की सुचारू आपूर्ति तथा अफवाहों पर नियंत्रण को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, गुमला और खूंटी समेत पूरे राज्य में तेज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। मौसम की स्थिति को लेकर पूरे राज्य के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

************समाप्त*****************